आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत एक विशेष टीम का गठन करने की घोषणा की है।
2. कार निकोबार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–3 के अंतर्गत आधारशिला रखी गई।
3. निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से स्वराज द्वीप में प्रवासी निर्माण श्रमिकों के लिए जागरूकता और पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया गया।
4. द्वीपसमूह के एकाध स्थानों पर आज और कल भारी वर्षा की चेतावनी ।

<><><><><><><>

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि देश में गन्ना खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा। श्री चौहान आज नई दिल्ली में सतत गन्ना अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय परामर्श को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि यह टीम किसानों, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के हितधारकों से सुझाव लेकर गन्ना नीति और अनुसंधान दिशाएँ तैयार करेगी। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अनुसंधान का उद्देश्य किसानों को लाभान्वित करना और उनके लिए व्यावहारिक समाधान खोजना होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव 22 सितम्बर से शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

<><><><><><><>

कार निकोबार के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–3 के अंतर्गत आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे, निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले और मुख्य अभियंता टी के प्रिजित रेख उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य कप्तान लियोनेल निकोमेड और अन्य सदस्यों ने द्वीप के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए इस परियोजना के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद ने दूरस्थ द्वीपों में ग्रामीण संपर्क को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर

प्रकाश डाला। मुख्य अभियंता ने परियोजना के तकनीकी पहलुओं, प्रस्तावित डिजाइन, निर्माण मानकों और स्थायित्व और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अपनाए जा रहे उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

<><><><><><>

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलिग्राउंड में हाल ही में एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर पी अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोटीस्वरन और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. थिरुमणि प्रुधवी ने स्त्री रोग और बाल स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। शिविर में लाभार्थियों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की गई।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह निर्माण एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से हाल ही में स्वराज द्वीप में निर्माण श्रमिकों विशेष रूप से प्रवासी निर्माण श्रमिकों के लिए जागरूकता और पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण करना और बोर्ड द्वारा लागू किए गए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। इस दौरान कुल सात शिविर आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 160 निर्माण श्रमिकों ने भाग लिया। शिविर में बोर्ड के अधिकारियों ने श्रमिकों को पात्रता, लाभ और कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया के बारे में बताया। इस पहल के परिणामस्वरूप, निर्माण श्रमिकों से नामांकन के लिए 85 पंजीकरण आवेदन प्राप्त हुए।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के एकाध स्थानों पर आज और कल तेज़ हवा के साथ भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रहेगी, जिसके बढ़कर 60 किमी प्रति घंटे तक होने की संभावना है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को कल तक समुद्र मे न जाने की सलाह दी गई है। श्री विजयपुरम बंदरगाह पर खतरे का संकेत नम्बर – 3 लगा दिया गया है।

<><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक की ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने वृद्धजन देखभालकर्ताओं पर 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जी बी पंत अस्पताल के नर्सिंग स्कूल के संकाय सदस्यों ने 35 प्रतिभागियों को वृद्धजन स्वास्थ्य प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता, प्राथमिक उपचार, भावनात्मक समर्थन और संचार कौशल जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया। आरसेती के निदेशक सी राज ने

अपने संबोधन में बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को वृद्धों और मरीजों की देखभाल और सहायता करने के लिए आवश्यक कौशल ज्ञान देना था।

<><><><><><><>

राज्य शिक्षा संस्थान, होप फाउंडेशन और अंडमान निकोबार पुलिस के सहयोग से सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मनारघाट और विम्बरलीगंज में पॉक्सो अधिनियम, नशा मुक्ति और नवचेतना कार्यक्रम पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पॉक्सो अधिनियम की प्रावधानों और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही नशा के दुष्प्रभावों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान 42 शिक्षकों को NEP 2020 के तहत स्कूली बच्चों के लिए जीवन कौशल और नशा शिक्षा पर नवचेतना मॉड्यूल को लागू करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव के निर्देशानुसार हट बे में कल भूकंप और सुनामी पर एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस ड्रिल का संचालन तहसीलदार की देखरेख में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, अग्नि सेवा, पुलिस और अन्य विभागों ने भाग लिया। ड्रिल के बाद अधिकारियों ने संसाधनों और संचार में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया और भविष्य की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के हाबड़ीपुर गांव में राजस्व टीम ने सरकारी भूमि पर लगे सुपारी के पेड़ों को हटाकर 0.05 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया। विम्बरलीगंज गांव में रास्ते के अवरुद्ध को हटाकर लोगों की लम्बे समय से चली आ रही समस्या का समाधान किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से किसी भी अवैध निर्माण या अतिक्रमण की सूचना देने की अपील की है।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से कैम्पबेल बे के प्राथमिक स्कूल, शास्त्री नगर के छात्रों के लिए शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पीस मूवमेंट, नियम और सरल रणनीतियों के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>